दिनांक 25.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शासकीय स्कूलों की मानिटरिंग होगी स्मार्ट स्कूल एप से

भिलाईनगर/भिलाई के शासकीय स्कूलों की सम्पूर्ण जानकारी अब स्मार्ट स्कूल एप के माध्यम से लोगों को मिल सकेगा यह एप प्ले स्टोर पर जाकर स्मार्ट फोन में डाउनलोड किया जा सकेगा। एप में स्कूल में अध्ययनरत् बच्चों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित बच्चों की संख्या सहित अन्य जानकारी उपलब्ध रहेगी। प्रभारी शिक्षा अधिकारी वाय0 राजेन्द्र राव ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई शहर में संचालित 130 शासकीय स्कूलों में से प्रायोगिक तौर पर 27 हाई स्कूल को स्मार्ट स्कूल एप से जोड़ा जा रहा है जो लोगों की सुविधा के लिए होगा। एप के माध्यम से स्कूल में अध्ययनरत् बच्चों को उनकी जिज्ञासा शांत करने के लिए विभिन्न विषयों की जानकारी शिक्षकों से प्राप्त कर सकेंगे। श्री राव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि एप के लिए 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। एप में स्कूल में अध्ययनरत् बच्चों की संख्या , किस वर्ग के बच्चे कितनी संख्या में दर्ज है कि जानकारी, छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे बच्चों की संख्या , शाला भवन में उपलब्ध पेयजल , विद्युत व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई, दिव्यांगों के लिए की गई व्यवस्था , कम्प्यूटर, नेट सहित शिक्षकों की उपलब्धता के साथ-साथ विषयवार जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। उन्होने कहा कि इस एप का उपयोग का व्हाट्सएप की तरह प्रश्नोत्तरी के लिए भी किया जा सकेगा एप में शाला भवन की फोटो वर्षभर में की गई विशेष गतिविधियों की जानकारी फोटो सहित उपलब्ध होगा इस एप के कार्य में रुपान्तर होने पर बच्चों के अभिभावक भी स्कूल की गतिविधियों की जानकारी एक क्लीक पर प्राप्त कर सकेंगे तथा शिक्षक से अपने बच्चों की बौद्धिक विकास के संदर्भ में एप के माध्यम से संवाद स्थापित कर पायेंगे। एप में स्कूल के लायबे्ररी में उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी गत् वर्ष के परीक्षा में पुछे गये प्रश्नों के प्रश्नपत्र भी उपलब्ध रहेंगे। शिक्षकों द्वारा बच्चों को दिये जाने वाले नोट्स की जानकारी एप में उपलब्ध होगा एप को स्मार्ट फोन पर डाउनलोड करने के लिए स्कूल में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर के माध्यम से किया जा सकता है। प्रभारी शिक्षा अधिकारी श्री राव ने बताया कि इन दिनों स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रही है जिसके कारण कुछ चुनिंदा स्कूलों के डाटा उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण वर्तमान में प्ले स्टोर में उपलब्ध नहीं है जैसे ही स्कूलों के सम्पूर्ण डाटा उपलब्ध होगा स्मार्ट स्कूल एप प्ले स्टोर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध होगा जिसे पालक या छात्र स्कूल में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर डाउनलोड अपने फोन पर कर पायेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी

’’जल है तो कल है’’ ’’जल ही जीवन है’’

6:33 PM 0.3KB/s 4G 4G

pjln ghss khursipar

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल

नगर पालिक निगम भिलाई

नोटिस

हमारे बारे में

महत्वपूर्ण उपलब्धियां

आंकड़े

स्कूल की तस्वीरें